हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 6 अगस्त 2025

04 सीनियर हेड बॉय रणवीर और सीनियर हेड गर्ल ...



07 कैसे हो युवाओं का कौशल विकास! 1 साल से ...





## खबर संक्षेप

### श्रीराम और श्रीकृष्ण का मनाया जन्मोत्सव

**सीहोर।** भागवत कथा का श्रवण करने से हमारे पापों का अंत होता है, भागवत वही अमर कथा है, जिसे भगवान शिव ने माता पार्वती को सुनाया था। कथा सुनना भी सबके भाग्य में नहीं होता है, जब भगवान भोलेनाथ से माता पार्वती ने अमर कथा सुनाने की प्रार्थना की तो बाबा भोलेनाथ ने कहा कि जाओ पहले यह देखकर आओ की कैलाश पर तुम्हारे या मेरे अलावा कोई और तो नहीं है। क्योंकि, यह कथा सबके नसीब में नहीं होती है। माता ने पूरे कैलाश पर नजर दौड़ाई, लेकिन उनकी नजर शुक के अपरिपक्व अंडों पर नहीं पड़ी। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड के समीपस्थ जारी सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित चेतन उपाध्याय ने कहे। मंगलवार को आस्था और उत्साह के साथ भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारें लगाए। उन्होंने कहाकि भगवान शंकर ने पार्वती को जो अमर कथा सुनाई वह भागवत कथा ही थी। लेकिन, कथा के बीच ही माता पार्वती को नींद आ गई और शुक ने पूरी कथा सुन ली। दूसरे दिन भागवत कथा में अमर कथा व शुकदेव के जन्म का वृतांत विस्तार से सुनाया। पूर्व जन्मों के पाप का ही प्रभाव होता है कि कथा बीच में छूट जाती है। भगवान की कथा मन से नहीं सुनने से जीवन में धार्मिकता नहीं आ पाती। कथा सुनने से चित्त पिघलता है और पिघला चित ही भगवान को अपने में बसा सकता है। श्री शुक देव द्वारा चुपके से अमर कथा सुन लेने के कारण जब भोले बाबा शंकर ने उन्हें मारने के लिए दौड़ाया तो वह एक ब्राह्मणी के गर्भ में छुप गए। कई वर्षों बाद व्यास के निवेदन पर भगवान शंकर इस पुत्र के ज्ञानवान होने का वरदान देकर चले गए।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 51 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने समस्याओं के आवेदन लिए।

## कुबेरेश्वर धाम पर हुई धक्का-मुक्की से दो महिला श्रद्धालुओं की मौत के बाद भी बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

# कांवड़ यात्रा: हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट, सीवन नदी से कांवड़ में जल भरकर कुबेर भंडारी को श्रद्धालु करेंगे अर्पण





### मंगलवार दोपहर 2 बजे से ही डायवर्ट किया इंदौर-भोपाल मार्ग, आज रात 10 बजे तक रहेगा जारी। सीहोर से कुबेरेश्वर धाम तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात कलेक्टर-एसपी की विशेष निगरानी, स्कूलों में छुट्टी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में आज भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा सीवन नदी तट से शुरू होकर शहर से 8 किलोमीटर दूर कुबेरेश्वर धाम पहुंचेगी। इधर मंगलवार को कुबेरेश्वर धाम पर हुई धक्का मुक्की से दो श्रद्धालुओं की मौत के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। मंगलवार रात 12 बजे से डायवर्ट होने वाले इंदौर-भोपाल मार्ग को दोपहर 2 बजे से ही जारी कर दिया । जिला मुख्यालय सहित आष्टा में पुलिस बल हाईवे पर तैनात रहा और डायवर्ट मार्ग से वाहनों को रवाना किया। इधर कांवड़ यात्रा को लेकर आज सीहोर शहर के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। गौरतलब है कि पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में आज 6 अगस्त को निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर 5 अगस्त मंगलवार को ही देश भर से भारी तादाद में श्रद्धालु कुबेरेश्वर धाम पहुंच गए। श्रद्धालुओं के अनुसार जानकारी यह भी सामने आ रही है कि कुबेरेश्वर धाम पर रुद्राक्ष वितरण के दौरान धक्का मुक्की के हालात बने और भारी भीड़ होने की वजह से लोग गर्मी उमस से परेशान हो गए। दो महिला श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**मृतकों की हुई पुष्टि**



हादसे के बाद तीन घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। दोनों की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। अभी तक मृत महिलाओं में एक महिला 56 वर्षीय जसवंती बहन (ओमनगर, राजकोट, गुजरात) की पहचान हुई है।

इधर 8 से 10 श्रद्धालु घायल बताए जा रहे हैं।

### हादसा स्थल पर बिखरे जूते-चप्पल

कुबेरेश्वर धाम के जिस स्थल पर यह हादसा हुआ, वहां हादसे के बाद बड़ी संख्या में जूते चप्पल बिखरे नजर आए। हादसे के बाद यहां सफाई दल द्वारा साफ सफाई कर इन बिखरे पड़े जूते चप्पल को हटाया। जबकि हादसे के दौरान श्रद्धालुओं के भारी बोझ की वजह से जो लोहे की जाली टूट गई थी, उसे भी बेल्डिंग के जरिए जोड़ा गया।

### 10 घंटे पहले ही मार्ग डायवर्ट

भव्य कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने मंगलवार रात 12 बजे से बुधवार रात 10 बजे तक इंदौर-भोपाल हाईवे को डायवर्ट करने का प्लान बनाया था, लेकिन हादसे के बाद 10 घंटे पहले ही मंगलवार को दोपहर 2 बजे से डायवर्ट का यह प्लान लागू कर दिया गया साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए 400 पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। इनमें 250 जवान भोपाल से आए हैं, जबकि 150 जवान जिले के हैं।

**घटना स्थल पर बिखरे जूते-चप्पल**

कुबेरेश्वर धाम के जिस स्थल पर यह हादसा हुआ, वहां हादसे के बाद बड़ी संख्या में जूते चप्पल बिखरे नजर आए। हादसे के बाद यहां सफाई दल द्वारा साफ सफाई कर इन बिखरे पड़े जूते चप्पल को हटाया। जबकि हादसे के दौरान श्रद्धालुओं के भारी बोझ की वजह से जो लोहे की जाली टूट गई थी, उसे भी बेल्डिंग के जरिए जोड़ा गया।

### डायवर्ट किया गया मार्ग

छोटे वाहन कार-जीप सीहोर से इंदौर-देवास जाने वाले वाहनों को मुख्यालय के क्रिसेंट चौराहा से भाऊखेड़ी और अमलाह होते हुए रवाना किया। वहीं इंदौर से आने वाले वाहनों को अमलाह, भाऊखेड़ी और क्रिसेंट चौराहा होते हुए भोपाल रवाना किया जा रहा है। बड़े वाहन (ट्रक-बस): भोपाल से देवास-इंदौर जाने वाले वाहनों को भोपाल से ही श्यामपुर-ब्यावरा होते हुए रवाना किया। इसी तरह इंदौर से भोपाल जाने वाले वाहनों को देवास से ब्यावरा होते हुए रवाना किया जा रहा है।

### लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ बनी चुनौती

6 अगस्त को निकली जाने वाली पं. प्रदीप मिश्रा की विशाल कांवड़ यात्रा के लिए देशभर से दिल्ली, मुंबई, सूरत, कोलकाता, बेंगलुरु जैसे शहरों से लाखों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे हैं। कुबेरेश्वर धाम पर भीड़ का आलम ऐसा रहा कि ठहरने, भंडारे और दर्शन की व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गईं। प्रशासन ने सुरक्षा के लिए 400 पुलिसकर्मियों की तैनाती का दावा किया था, जिनमें 4 डीएसपी, 7 टीआई और 30 सब-इंस्पेक्टर शामिल थे। इसके बावजूद हादसे के समय भीड़ नियंत्रित नहीं हो सकी।



### भीड़ में दबकर टूटी आस्था की व्यवस्था

हादसे के बाद श्रद्धालुओं में भारी निराशा देखी गई। लोग व्यवस्था की कमी पर सवाल उठा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और आयोजन समिति के बीच समन्वय की कमी और समय पर व्यवस्था लागू न हो पाने के कारण यह दुर्घटना हुई।

### अधिकारियों ने किया था निरीक्षण

घटना से एक दिन पहले अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह और एसडीएम तन्नय वर्मा ने धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। बावजूद इसके, हादसे के समय ना तो पर्याप्त फोर्स थी और ना ही मेडिकल टीमें समय पर पहुंच सकीं।

### पुलिस ने भगदड़ से किया इनकार

एएसपी सुनीता रावत ने घटना को भगदड़ मानने से इनकार किया है, लेकिन उन्होंने यह स्वीकारा कि रुद्राक्ष वितरण रुकने के बाद धक्का-मुक्की में दो महिलाओं की मौत और तीन-चार महिलाओं के घायल होने की पुष्टि हुई है।

## खपत से अधिक रीडिंग देने वाले मीटरों के विरोध में लाड़ली बहनों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के बिलकिसगंज विद्युत वितरण केंद्र पर दर्जनों गांव की लाड़ली बहनों ने रैली निकाल कर विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर बिजली मीटर के विरुद्ध धरना दिया। विद्युत मंडल ऑफिस में ग्राम बिलकिसगंज से लगे ग्राम रामाखेड़ी, हीरापुर, कुलांसकला, बरखेड़ी, चंदेरी, रलाओती, उलझावन, पिपलिया मीरा, खेड़ली की महिलाओं ने आज अपने-अपने घरों से निकलकर पैदल चलते हुए रैली के रूप में बिलकिसगंज विद्युत मंडल ऑफिस पहुंची और अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए लाड़ली बहनों ने भारी भरकम बिल देने वाले बिजली के मीटर बंद करने की आवाज उठाई। महिलाओं का कहना है कि पहले पुराने बिजली मीटर से 100 रूपये से लेकर 500 रूपये तक एक माह का बिल आता था, परन्तु अब जो नये बिजली मीटर लगाये गये हैं वह 5000 रूपये से लेकर 10000 रूपये तक अन्नाप-सन्नाप रिडिंग बना रहे हैं।

इन भारी भरकम बिलों का भुगतान कर-करके हम बर्बाद हो रहे हैं। लाड़ली बहनों को सरकार द्वारा जो 1250 रुपए दिये जा रहे थे वह लाडली बहनों के मिलते हैं वह सब यह लाडले बिजली मीटर में चले जाते हैं। हम परेशान है दुखी हैं हमारे घरों पर यह लाडले मीटर ना लगाया जाए और जिन लाडली बहनों के घर यह मीटर लग गया है वह मीटर निकाले जाए। ग्रामीण लाडली बहनों ने यह भी मांग रखी कि अभी हमें गरीब 150 यूनिट बिजली पर सब्सिडी मिलती है अब हमें 300 यूनिट बिजली की सब्सिडी मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी जावे और हम लाडली बहने देश के हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी एवं हमारे क्षेत्र के सांसद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भैया से यह मांग कर रहे हैं कि हम लाडली बहने बहुत दुखी और परेशान है, रक्षाबंधन मनाएं या लाडले मीटर का हजारों का बिल चढ़ाएं। हमें जो आपने 1250 रूपये दिए हैं लाडली बहनों को वह सभी लाडले बिजली मीटर में जा रहे हैं। 1:00 बजे से चली लाडली बहनों की रैली 2 घंटे पूरे क्षेत्र में होते हुए विद्युत मंडल ऑफिस पहुंचकर घेराव किया और धरने पर बैठ गई।



विद्युत मंडल के अधिकारी श्री राम पाली को पीएम सीएम और केंद्रीय मंत्री के नाम का ज्ञापन देकर लाडली बहनों ने उनके घर पर लगाए जा रहे बिजली के लाडले स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की गई इस मौके पर सैकड़ो महिला से भी अधिक थी। विद्युत मंडल में लाडली बहनों ने उनके घर पर लगाए जा रहे बिजली के लाडले मीटर को बंद करने एवं उनके घर से जो लग चुके उनको निकाल के पुराने मीटर लगाने की मांग की।

## नकबजनी करने वाले पांच बदमाश गिरफ्तार

**नगदी सहित 24 लाख का माल बरामद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस ने इछावर थाना क्षेत्र में हुई सात नकबजनी और एक एटीएम चोरी के प्रयास की वारदातों का खुलासा मंगलवार को कर दिया है। पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों सहित कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से 24 लाख रुपए का सामान और चोरी में इस्तेमाल की गई दो बाइक जब्त की गई हैं। दो जून से एक अगस्त के बीच इछावर थाना क्षेत्र में कुल सात नकबजनी की घटनाएं दर्ज की गईं थीं। इन घटनाओं में अज्ञात आरोपियों ने रात के समय घरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और नकदी चुराई थी।

### सुनारों को बेचते थे

सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने तत्काल कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और थाना प्रभारी इछावर निरीक्षक पंकज वाडेकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठित की। तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस ने अंकुर वर्मा, गोलू उर्फ अभिषेक वर्मा और नीरज वर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अन्य घटनाओं में भी चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि वे चोरी का माल इछावर के दो सुनारों पियूष उर्फ गब्बर सोनी और सुमित सोनी को बेचते थे। पुलिस ने इन दोनों सुनारों को भी गिरफ्तार कर लिया है।

### चौबीस लाख का सामान बरामद

जब्त किए गए सामान में लगभग 12 तोला सोना, 2.50 किलोग्राम चांदी और नौ लाख पांच हजार रुपए नकदी शामिल है। कुल बरामद सामान की कीमत चौबीस लाख पांच हजार रुपए है। इसके अलावा दो बाइक, हथौड़ा और एटीएम तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की टामी भी जब्त की गई है। आरोपियों ने 21 जनवरी को इछावर में स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास भी किया था। इस मामले में भी उनकी गिरफ्तारी की गई है। पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर कामकाजी बैठक हुई आयोजित

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस और स्वतंत्रता दिवस को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी, सीहोर की कामकाजी बैठक बस स्टैंड स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई । जिसमें प्रदेश कार्यालय से आएं निर्देशों के अनुरूप आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। गौरतलब है कि भाजपा संगठन प्रत्येक वर्ष विभाजन विभीषिका दिवस का कार्यक्रम आयोजित करता है। इसी के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर ₹हर घर तिरंगा₹ अभियान भी पूरे सीहोर जिले में बनाया जाएगा। बैठक का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा भारत माता, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा कहा गया कि 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक प्रत्येक घर और प्रत्येक प्रतिष्ठान पर तिरंगा लहराया जाएं इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आमजनों को प्रेरित करना है। इसी के साथ 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच ऐतिहासिक शहीद स्मारक या आजादी से जुडे वीर क्रांतिकारियों की जन्म स्थली या स्मारक पर स्वच्छता अभियान चलाना है। इसी के साथ 10 अगस्त से 14 अगस्त के बीच में प्रत्येक मण्डल पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है। और सेना से रिटायर्ड फौजियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाना है । इसी के साथ विभाजन विभीषिका दिवस कार्यक्रम भी आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा पीढ़ी को इस स्मृति दिवस का महत्व बताया जाएगा। देश के विभाजन में अपनी जान गंवाने वाले और अपनी जड़ों से विस्थापित हुए सभी लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए, सरकार ने हर साल 14 अगस्त को उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन की घोषणा वर्तमान और आने वाली भारतीय पीढ़ियों को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेले गए दर्द और पीड़ा की याद दिलाएगी। तदनुसार, सरकार 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में घोषित करती है। इसी के साथ इस वर्ष कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्म जयंती एवं अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि भी प्रत्येक बूथ पर मनाई जाना है उसे लेकर भी सभी मण्डल अध्यक्षों को पृथक निर्देश दिए गए। इसी के साथ भाजपा जिला प्रभारी बहादुर मुकाती द्वारा भी कुशाभाऊ ठाकरे जी के जीवनवृतत पर प्रकाश डाला गय। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी बहादुर मुकाती, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दामोदर राय, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल, रवि नागले, सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि मंचासीन रहें। बैठक में स्वागत भाषण महामंत्री धारासिंह पटेल द्वारा दिया गया और आभार महामंत्री राजकुमार गुप्ता द्वारा किया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ द्वारा किया गया। बैठक में भाजपा समस्त जिला पदाधिकारी, समस्त मण्डल अध्यक्ष व सभी मोर्चा जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम जिला टोली के संयोजक व सहसंयोजक बैठक में उपस्थित रहें।



खबर संक्षेप

## डीजे पर खड़े युवकों को लगा करंट, एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल



**बुधनी।** बुधनी घाट से प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा में शामिल दो युवक करंट की चपेट में आ गए जिससे एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है पुलिस ने डीजे जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावन सोमवार के मौके पर बुधनी घाट से जल भरकर कावड़ यात्रा प्रारंभ की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे यात्रा के दौरान डीजे पर नाच गाना भी चल रहा था सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास जब कावड़ यात्रा पहुंची तो डीजे के ऊपर खड़े दो युवक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया इनमें से एक अनूप चौरे उम्र 25 वर्ष निवासी सोनासावरी इटारसी की मृत्यु हो गई वहीं दूसरे घायल का इलाज किया जा रहा है जिसकी हालत गंभीर बताई गई है।

## वाराणसी-अयोध्या तीर्थ के लिए 8 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**आष्टा।** धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत 4 दिवसीय यात्रा वाराणसी एवं अयोध्या तीर्थदर्शन के लिए 13 अगस्त को रवाना होना है। नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि जो भी वरिष्ठजन तीर्थदर्शन योजना का लाभ लेना चाहते है वह शीघ्र ही नगरपालिका कार्यालय में पहुंचकर योजना की विस्तृत जानकारी ले और मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना का लाभ प्राप्त करें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि चार दिवसीय तीर्थदर्शन योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त तक है, इसके पूर्व दस्तावेज पूर्ण कर आवेदन भरना सुनिश्चित करें। यात्रा 13 अगस्त को रवाना होगी जो दोनों तीर्थो के दर्शन कर 18 अगस्त को पुनः लौटेगी।

### मार्टिनेट स्कूल में हुआ विद्यार्थी कैबिनेट का पदारोहण और शपथ ग्रहण समारोह

# सीनियर हेड बॉय रणवीर और सीनियर हेड गर्ल बनी नियति तिवारी, बनी कैबिनेट टीम

छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मां सरस्वती का आव्हान किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अलीपुर क्षेत्र में स्थित मार्टिनेट कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में विगत दिनो सीनियर और जूनियर विद्यार्थी केबिनेट का गठन किया गया। जिनका पदारोहण व शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय प्रांगण में नगर के एसडीओपी आकाश अमलकर, विद्यालय के डायरेक्टर नोशे खान के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विद्यालय के संगीत के छात्र-छात्राओं द्वारा समधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर मां सरस्वती का आव्हान किया गया तथा उन्हीं के द्वारा अतिथियों के अभिनंदन में सस्वर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद चुने गये सीनियर हेड बॉय रणवीर ठाकुर एवं सीनियर हेड गर्ल नियति तिवारी तथा जूनियर हेड बॉय मुकुल बागवान एवं जूनियर हेड गर्ल दीक्षा बामनिया के नेतृत्व में उनकी चुनी गई। केबिनेट टीम के सदस्य मार्च पास्ट करते हुये मंच पर पहुंचे। जहां अतिथियों द्वारा उनके पद का बेज लगाकर उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। सीनियर केबिनेट में डिस्पिलिन मिनिस्टर शिवानी चौरसिया, स्पोर्ट्स मिनिस्टर राजदीप ठाकुर, एजुकेशन मिनिस्टर निधि सांवरिया, क्लीनीनेस मिनिस्टर अनामिका मालवीय, असेम्बली मिनिस्टर निहारिका ठाकुर, कल्चरल मिनिस्टर दिव्यांशी विश्वकर्मा का चयन हुआ। इसी प्रकार जूनियर केबिनेट में डिस्पिलिन मिनिस्टर कृतिका मेवाड़ा, स्पोर्ट्स मिनिस्टर नैतिक मेवाड़ा,



एजुकेशन मिनिस्टर जकिरा शेख, क्लीनीनेस मिनिस्टर रिद्धिमा खत्री, असेम्बली मिनिस्टर प्राची मालवीय, कल्चरल मिनिस्टर अनुराधा मेवाड़ा का चयन हुआ। केबिनेट का मार्गदर्शन करते हुये एसडीओपी आकाश अमलकर नें कहा कि इस प्रकार के केबिनेट के गठन से बच्चो में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है जो बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें कर्मवादी बनना है भाग्यवादी नहीं क्योंकि भाग्य एक बार साथ दे सकता है लेकिन अच्छा कर्म सदैव साथ देता है। चुने गए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये विद्यालय के प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी नें कहा कि आज हमारा विद्यालय जिस मुकाम पर पहुंचा है। वह लगातार 25 वर्षो के अथक परिश्रम का परिणाम हैं और आगें भी हम अलीपुर क्षेत्र को दृष्टिगत रखतें हुये यहां की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये लगातार कार्य करते रहेगें। आयोजन का सफल संचालन अतुल जैन सुराणा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी, प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी सहित एकेडमिक इंचार्ज अतुल जैन सुराणा, शिखा तिवारी, वित्तीय प्रभारी रेखा शर्मा, कम्प्यूटर इंचार्ज कुशल भूतिया, जुनेद अंसारी के साथ विद्यालय की सोनिका परमार, ललिता नामदेव, सोनिका सोनी, रागिनी नामदेव, रानू गुर्जर, सविता ठाकुर, सोनू सिसोदिया, रीना जावारिया, किरण मंडलोई, वैष्णवी बैरागी, संजना मीणा, साक्षी अजनोदिया, शर्मिला जायसवाल, उमा मेवाड़ा अनहा शेख, रागिनी मेवाड़ा, मुस्कान वर्मा, सरिता ठाकुर, सुल्ताना अली, रचना ठाकुर, तमन्ना वर्मा, सोनू भूतिया, सलोनी बिल्लौरे, प्रियंका ठाकुर, शुभी जैन, ममता ठाकुर, उर्मिला जायसवाल, सिमरन प्रजापति, सुष्मिता कालेलकर, ज्योति सिसोदिया, अंकिता राठौर, जी डी बैरागी, पंकज ठाकुर, मनीष चौरसिया, कृष्णपाल ठाकुर, अशोक महेश्वरी, हेमंत पांडे, अंश अड़गले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

# सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य को हटाने दिया धरना

हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता कर रहे प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बीते दिनों शहर के सांदीपनि विद्यालय में बच्चों के बीच हुआ विवाद इतना गहरागया कि मामले ने तुल पकड़ सांप्रदायिक रूप ले लिया , ओर जहां दोनों समुदाय के लोग अपनी अपनी मांगों को लेकर थाने पहुंच गए, वही हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता आज भी स्कूल में हुए घटना क्रम को लेकर प्राचार्य सीतवत खान को ही जिम्मेदार बता रहे हे। इस के चलते स्कूल से हटाने की मांग कर रहे हे।

मंच के कार्यकर्ताओं का सीधा आरोप हे कि हमें दो दिवसीय जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया था, लेकिन भारी विरोध एवं अनियमितता पाए जाने के बाद भी आज दिनांक तक सांदीपनि स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान स्कूल में जमे हुए हे, ऐसे में हिन्दू जागरण मंच का कहना हे कि सीतवत खान को स्थानीय विधायक का आशीर्वाद प्राप्त हे, इसी लिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

बस इसी आरोप को लेकर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता स्थानीय विधायक कार्यालय पर सुबह से धरने पर बैठ गए हे, विधायक गोपाल सिंह इंजिनियर ओर प्राचार्य सीतवत खान के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्राचार्य सीतवत खान को हटाने की मांग कर रहे हैं।

# नगर के वार्डों में किया जा रहा दवा छिड़काव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर परिषद द्वारा अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय और सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देश पर क्षेत्र के सभी वार्डों में कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। जिससे बीमारियों को पनपने से रोका जा सके। बारिश के मौसम में जल भराव के कारण मक्खी, मच्छर तेजी से रिहायशी इलाकों में पहुंच जाते हैं। जिससे बिमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए नगर परिषद द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड 02, 03, 04, 06, 07, 08, 09, 11, 12, और वार्ड क्रमांक 15 जर्रापुर जमुनिया में कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया गया। सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि बचे हुए वार्डों में भी दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है।

## अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन 7262 ने आयुक्त नगरीय प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमण्डल भोपाल पहुंच आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को माह की 1 से 5 तारिख तक अनिवार्य रूप से वेतन भुगतान किया जावे ताकि आगामी रक्षा बन्धन त्योहार सभी सफाई कर्मचारी उत्साह के साथ मना सके। साथ ही उनके द्वारा लिये गये ऋण की समय पर किस्त जमा हो सके जिससे कि उन पर अतिरित्क पेनाल्टी ना लगे और ना ही उनकी सिविल खराब हो।
छुट्टन चावरिया ने बताया कि शासन द्वारा जो चुंगी क्षतिपुर्ती राशि आती है, जिससे वेतन बाँटा जाता वह 20 से 25 तारिख तक आती है और वह भी काट कर भेजी जाती, जिसके कारण वेतन भुगतान समय पर नही हो पाता है। समय पर भुगतना नहीं मिलने से कर्मचारियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिससे कर्मचारियों को परेशानी होती है।सभी सफाई कर्मचारियों को माह की 1 से 5 तारिख तक अनिवार्य रूप से हर माह वेतन भुगतान किया जावे। इस अवसर पर उपस्थित जनों में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष छुट्टन चावरिय, राजू सांगते पहलवान, अनिल खरे, राजेश गोसर, राकेश बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने बैठक में की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ कि जिले की बैठक कृषि उपज मेंडी कार्यालय में संपन्न हुई। मजदूर महासंघ की बैठक में किसानों का पिछले साल का सोयाबीन बीमा और अभ्यास वर्ग, किसान की समस्या, बिजली समस्या, मूंग खरीदी, यूरिया डीएपी सहित कई विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री बाबूलाल पाटीदार, प्रांतीय उपाध्यक्ष विक्रम सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष कचरू परमार, जिला मंत्री धर्म सिंह भेसानिया, जिला उपाध्यक्ष देवकरण परमार, जिला उपाध्यक्ष राजमल परमार, जिला संरक्षक कन्हैयालाल मास्टर, मांगीलाल मास्टर, विकास खंड अध्यक्ष नारायण सिंह ठाकुर इछावर, विकासखंड अध्यक्ष अरविंद ठाकुर आष्टा, जिला कोषाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, विकास खंड संयोजक शिवनारायण वर्मा, विकास खंड मंत्री कैलाश वर्मा और शैलेंद्र सिंह,पुरुषोत्तम के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शिवालयों में शिव भक्तों ने किया महादेव का जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरूंदा

सावन के अंतिम सोमवार के दिन शिवालयों में बड़ी संख्या में भक्तों ,श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। जल कबाड़ में भरकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शिवालयों में रुद्राभिषेक और भजन कीर्तन जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिरों को फूलों, पत्तियों और अन्य सजावटी वस्तुओं से सजाया गया। अंतिम सोमवार को क्षेत्र प्रसिद्ध सातदेव पातालेश्वर शिव मन्दिर में सुबह से ही शिव भक्तों,श्रद्धालुओं का ताता लगना शुरू हो गया। जहां श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया, वहीं रुद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया। भगवान शिव का दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल और पंचामृत से अभिषेक किया। यहां प्रत्येक वर्ष सावन माह में भक्तों श्रद्धालुओं पूजा अर्चना और जलाभिषेक का आयोजन किया जाता है। रुद्राभिषेक के बाद भगवान का महा श्रृंगार कर किया। इसके अलावा नगर के छोटा बाजार स्थित राम मंदिर और किसान मोहल्ला राम जानकी मंदिर में भी भगवान महादेव का सिंगार किया गया। शिवालयों में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। महा आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान धर्मेन्द्र कुशवाह चौरसाखेड़ी और शिक्षक अरविंद रेहटी सहपरिवार सातदेव पातालेश्वर शिव मन्दिर पहुंचें। जहां भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कराया गया। साथ ही विधिवत पूजा अर्चना कर वेद मंत्रों के साथ भगवान शिव की आराधना की। जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर आरती की और प्रसादी का वितरण किया।

# आवासीय स्कूल ने शारदा को इंटर स्कूल फुटबॉल मुकाबले में 4-0 से एकतरफा हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के चर्च मैदान पर सोमवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार मैच खेले गए थे। इसमें एक तरफा मुकाबले में आवासीय स्कूल ने शारदा स्कूल को चार गोल से हराया। इस मैच में नैतिक ने दो गोल और प्राजंल-वरुण ने एक-एक गोल किए। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार को पहला मैच सेंट मेरी और लुर्द माता स्कूल के मध्य खेला गया था। जिसमें दोनों ही टीम 1-1 से बराबरी पर रही। इस मैच में सेंट मेरी की ओर से विकास ने एक गोल और लुर्द माता स्कूल की ओर से रौनक ने एक गोल किया। इधर एक अन्य मैच केन्द्रीय विघायल और नवीन विद्या भारती स्कूल के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में केन्द्रीय विद्यालय ने 2 गोल से जीत हासिल की। इस मैच में केन्द्रीय विद्यालय की ओर से आदित्य-उमंग ने एक-एक गोल किया। इसके अलावा एक अन्य मैच सेंट एनि और आईईएस का मुकाबला 0-0 से ड्रा रहा।

### शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और वरिष्ठजन हुए शामिल

# शिक्षक प्रभु लाल और नारायण परमार का सम्मान कर दी विदाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माध्यमिक शाला ईटखेड़ा के सहायक शिक्षक प्रेम नारायण परमार के सेवानिवृत्ति होने पर स्थानीय कृष्णा गार्डन सीहोर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, पूर्व विधायक रघुनाथ मालवीय उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में मार्केटिंग सोसायटी के अभय कुमार मेहता, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलवीर तोमर, पूर्व जनपद अध्यक्ष अनार सिंह, एडवोकेट बापूलाल मालवीय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल सिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवान सिंह पटेल, रामनारायण परमार सहकारिता पूर्व अध्यक्ष, कमलेश दोहरे वरिष्ठ बीएसपी नेता, नरेंद्र खंगराले पूर्व पार्षद, वरिष्ठ नेता जितेंद्र परिहार आदि उपस्थित रहे। उक्त आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित जनों ने प्रेमनारायण परमार के सेवा निवृत्त होने पर उनका भव्य स्वागत सम्मान किया एवं उनके दीर्घायू की कामना की। श्री परमार ने सेवानिवृत्त के एक दिवस पूर्व निजी खर्चे से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बत्तीस हजार रूपये की टेबल कुर्सी दान स्वरूप भेट की।

## मालवीय के सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में राजस्व मंत्री व विधायक हुए शामिल

राजा भोज गार्डन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में उच्च श्रेणी शिक्षक श्री प्रभु लाल मालवीय के सेवानिवृत्ति अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री माननीय श्री करण सिंह वर्मा उपस्थित रहे, वहीं विशेष अतिथि के रूप में विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने शिरकत की।इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, अभय सेठ,अनार सिंह ठाकुर, बापू लाल मालवीय, कमल सिंह चौहान,जगदीश चौहान,शंकर लाल शर्मा, डॉक्टर कैलाश चंद्र, प्रो. देव सिंह,दिलीप हेड साहब, धर्म सिंह, सीताराम हेड साहब, सरपंच जय प्रसाद, पूर्व बीईओ शिवनारायण वर्मा, संदीप चौहान सहित अनेक गणमान्य नागरिक व शिक्षाविद उपस्थित रहे।सभी ने श्री मालवीय के शिक्षण जीवन की प्रशंसा करते हुए उनके योगदान को अविस्मरणीय बताया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। समारोह भावुक और गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने हिंदू परिषद ने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया जिसमें जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग की गई है।राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत मंत्री जगबीर राजवंशी के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा प्रधानमंत्री से मांग की गई है कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून शीघ्र लागू किया जाए ताकि हिंदू समाज का अस्तित्व, संस्कृति,सुरक्षा और भविष्य सुरक्षित रह सके बढ़ती हुई जनसंख्या से हिंदू राष्ट्र की संरचना को खतरा है जनसंख्या नियंत्रण सिर्फ कानून नहीं बल्कि हिंदू राष्ट्र की रक्षा का संकल्प है इस अवसर पर नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर,पंकज जाट, नगर अध्यक्ष यशवंत साहू, कुबेर ठाकुर, शनित ठाकुर,निमंत राम, अंकित तिवारी, किशोर भट्ट, शीतल जैन, अजय ठाकुर, गणेश गौर, हिमांशु मेहरा, राजेश मांझी, मुकेश अहिरवार, सोनम अग्रवाल, गीता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

न ही विद्यार्थियों को मिल रहा पीने का पानी और न ही होस्टल में लाइट की सुविधा

# कैसे हो युवाओं का कौशल विकास! 1 साल से पॉलिटेक्निक कॉलेज पचोर की बिजली बंद

*महाविद्यालय का अधिकतर स्टाफ नदारद, उपस्थितों ने अनुपस्थित स्टाफ की कमियों को छुपाने का किया प्रयास*








हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर अपनी बदहाली पर रो रहा है, स्टॉफ से लेकर विद्यार्थी अपने कौशल को निखारने की जगह समस्याओं से दो चार हो रहे है और यह सब तब हो रहा है जब कौशल विकास राज्यमंत्री गौतम टेटवाल इसी विधानसभा से आते है। शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर का हाल यह है कि यहां पर पिछले लगभग एक साल से लाइट नहीं है जब उपस्थित स्टॉफ से इसका कारण जाना तो उन्होने बताया कि ट्रांसफार्मर चल गया है। इससे न ही तो पीने का स्वच्छ पानी ही छात्रों को मिल पा रहा है न ही होस्टल में रूकना संभव हो पा रहा है।

### अधिकतर स्टॉफ बिना किसी सूचना के दिखा अनुपस्थित

शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर के हाल बेहाल हो चुके है जब हरिभूमि ने अंदर जाकर कार्यालय में समस्त स्टॉफ की जानकारी चाही गई तो प्राचार्य के कहने पर उन्होने जानकारी उपलब्ध करवाई । जबकि प्राचार्य के बारे में भी स्टॉफ को भ्रांतियां थी कोई जबलपुर का बोल रहा था तो कोई उज्जैन का बता रहा था। परंतु उनकी लीव एपलीकेशन नहीं थी। ठीक प्राचार्य की ही तरह अन्य स्टॉफ भी नदारद था कहने को यहां पर 46 लोग स्टॉफ में है परंतु देखने में इक्का दुक्का ही दिखाई दिए। जब पूछा गया तो कोई पचोर गया है तो कोई छुट्टी पर है इसी तरह के बहाने बताए गए। इससे भी ज्यादा बडी बात तो यह है कि कार्यालय में उपस्थित बाबू ने सामने ही अनुपस्थित स्टॉफ की उपस्थिती लगाना शुरू कर दी जिसका वीडियों भी हरिभूमि के पास सुरक्षित है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि युवाओं का कौशल विकास कैसे हो रहा है।

### नहीं है पीने के पानी की व्यवस्था

उपस्थित स्टाफ का कहना है किइस बात एडमीशन अच्छे हुए है जो कि 300 के आसपास बताए जा रहे है ऐसे में महाविद्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है क्योंकि एक साल से तो बिजली ही नहीं है। हालांकि वहां पर उपस्थित छात्रों की संख्या भी कम ही नजर आई।

**इनका कहना है**

हमने अपनी तरफ से सारी फार्मलिटी पूरी कर दी हैं अब सरकारी काम है और सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के संज्ञान में है।

**अतुल चौहान प्राचार्य**, शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय पचोर

---

कहीं गहरी, कहीं उथली है नेवज नदी

## एक हफ्ते पूर्व उफान, अब नजर आने लगे पटपड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

इसे प्रकृति का खेल कहें या कुछ और कि करीब एक हफ्ते पहले राजगढ़ से प्रवाहित जिस नेवज नदी का पानी छोटी पुलिया के 4-5 फीट ऊपर तक बह रहा था, उसी नेवज नदी का तला या सरल शब्दों में कहें तो पटपड़े तक सोमवार को नजर आने लगे। बीती 28 जुलाई को तो हालात यह थे कि नेवज नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए निचली बस्तियों के रहवासियों को एलर्ट रहने की मुनादी तक करवा दी गई थी। इसके साथ ही स्वयं कलेक्टर व अधीनस्थ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। इसके साथ ही आमजन की सुरक्षा हेतु पुलिया के दोनों ओर बेरीकेटिंग करते हुए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### कहीं गहरी तो कहीं काफी उथली है नेवज

आपको बतादें कि नेवज नदी किसी-किसी स्थान पर तो काफी गहरी लेकिन कहीं-कहीं काफी उथली है। छोटी पुलिया के नजदीक के साथ ही कुछ अन्य घाटों पर बहुत कम पानी रहता है। गर्मी के मौसम में कई बार ऐसी स्थितियां भी बनी हैं कि लोग पैदल ही इस नदी के बीच में निकल जाया करते हैं। वहीं, बाबा घाट, तीन धार, शिवघाट जैसे स्थानों पर यही नदी 15 से 20 फीट तक गहरी है।

---

लोक सुरक्षा के हित में लिया गया निर्णय

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने 28 शस्त्र लाइसेंस किए निरस्त

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने विभिन्न कारणों एवं लोक सुरक्षा हित के दृष्टिगत 28 शस्त्र लायसेंसधारियों के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की है। आयुष अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) के तहत उक्त निर्णय लेते हुए आदेश जारी किया गया है। 28 शस्त्रर लायसेंस धारियों के लायसेंस किएनिरस्तग जिन लोगों के लायसेंस निरस्त किए गए हैं उनमें ग्राम कटारियाखेडी निवासी अमर सिंह पिता भंवर लाल, ग्राम अतरालिया निवासी रमेश चन्द्र पिता शिवबगस, ग्राम चापाखेडा निवासी भूपेन्द्र पिता गजराज, ग्राम रामपुरिया निवासी प्रेमसिंह पिता नागाजी, ग्राम धुंआखेडी निवासी शिवनारायण पिता भंवरलाल, ग्राम सूस्याहेडी निवासी कमलसिंह पिता मांगीलाल, ग्राम कूकलियाखेडी निवासी महेन्द्र पिता रामचरण, ग्राम भैरवाखेडी निवासी रंगलाल पिता भंवरलाल, ग्राम मीरूखेडी निवासी थानसिंह पिता शिवप्रसाद, ग्राम बैलास निवासी भगवान सिंह पिता भरतसिंह, ग्राम मोग्या मोहल्ला निवासी खुशीलाल पिता गोपीलाल, ग्राम निवान्या निवासी रामबाबू पिता भागीरथ, ब्यावरा निवासी ओमप्राकश पिता कालूराम, ब्यावरा निवासी कैलाश नारायण पिता गोपाल दास, ग्राम कडिया मित्रसेन निवासी भरत पिता रतनलाल, नरसिंहगढ़ निवासी निसार अहमद पिता शेख अहमद, नरसिंहगढ़ निवासी मुन्ना पिता नन्नो खां, ग्राम खरेटियाखुर्द निवासी विक्रम सिंह पिता अमरसिंह, ग्राम बिजोरी निवासी घनश्याम पिता हरिप्रसाद मीणा, ग्राम लसुडल्या भामा निवासी प्रेमकिशोर पिता गंगाराम मीणा, ग्राम भूराखेडी निवासी वहीद खां पिता राशिद खां, सारंगपुर निवासी बबू खां पिता अब्दुल सत्तार, ग्राम भूराखेडी निवासी राशिद खां पिता अहमद खां, सारंगपुर निवासी रफीक खां पिता अनवर खां, ग्राम खेजडिया निवासी दुर्गेश कुमार पिता बालचंद पाटीदार, ग्राम झाडमउ निवासी इनामी पिता कौदाजी खां, ग्राम खारपा निवासी रामविलास पिता मांगीलाल किरार तथा ग्राम भण्डावद निवासी गोकुल पिता रोडजी कारपेंटर शामिल हैं।

---

रविवार रात्रि में सड़क हादसा

## अज्ञात वाहन ने मारी महिला को टक्कर, अस्पताल में मौत



**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में रविवार देर रात्रि हाईवे 52 पर सोमवारिया के पास तेज रफ्तार कार ने एक अज्ञात महिला को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह राहगीरों ने सड़क किनारे पड़े शव को देखकर पुलिस को सूचना दी।सोमवार सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की। जांच के दौरान एक कार को ढाबे से जब्त कर चालक अतिशय वर्मा और उसके साथी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों भोपाल से खाटू श्याम दर्शन कर लौट रहे थे। रात करीब 3 बजे सामने से आ रहे ट्रक की तेज लाइट की वजह से उन्हें रास्ता साफ दिखाई नहीं दिया और महिला उनकी कार की चपेट में आ गई।

**मृतका की पहचान नहीं हो पाई है:** हादसे के बाद कार का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके चलते आरोपी कार को पास के ढाबे पर खड़ा कर कार में बैठे थे। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में महिला की शिनाख्त और घटना के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

---

## लाड़ली बहनों को राखी का तोहफा देने 7 को नरसिंहगढ़ आएंगे सीएम

### मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

आगामी 7 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा पुलिस अधीक्षक अमित तौलानी ने हेलीपेड स्थल सहित प्रस्तावित रथ यात्रा मार्ग पर पैदल चलकर पूरे रास्ते का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मार्ग की संपूर्ण जांच की गई एवं उपस्थित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रवेश एवं निकासी बिंदुओं, भीड़ प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण हों और किसी भी प्रकार की चूक न हो। प्रशासन का उद्देश्य है कि मुख्यमंत्री के आगमन पर आयोजन पूर्णतः सुव्यवस्थित और सफल रहे।



### 250 रुपए सगुन के साथ मिलेंगे डेढ़ हजार रुपए

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना के तहत 7 अगस्त को नरसिंहगढ़ से सिंगल क्लिक के माध्यम से राखी के सगुन के तौर पर 250 रुपए एवं योजना के 1250 रुपए मिलाकर कुल डेढ़ हजार रुपए की राशि प्रत्येक पात्र महिला के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

---

## श्रद्धा से निकली बाबा बैजनाथ की शाही सवारी, जयकारों से गूंज उठा पूरा शहर

### शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़, झूमते दिखे श्रद्धालु



**नरसिंहगढ़।** सावन मास के अंतिम सोमवार को नगर धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव में डूबा नजर आया। परंपरानुसार बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए बड़े ही धूमधाम व भक्तिभाव के साथ निकाली गई। दोपहर 11 बजे विशेष पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के उपरांत पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बड़ा महादेव मंदिर पहुंची, जहां बाबा की महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। शाही सवारी के दौरान नगर 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठा। बैंड, ढोल-नगाड़ों और डीजे की भक्ति धुनों पर युवाओं ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। नगरवासियों ने जगह-जगह बाबा की आरती उतारी और फूलों की वर्षा कर शाही सवारी का स्वागत किया। श्रद्धालु पूरे मार्ग पर पुष्प बिछाते चलते रहे, जिससे माहौल अत्यंत भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण हो गया। इस भव्य धार्मिक आयोजन में विधायक मोहन शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेंद्र वर्मा, दीपेंद्र दास, सहित नगर व आसपास से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### शिवालयों में गूंजे जयकारे

अंतिम सोमवार को बड़ा महादेव, छोटा महादेव, पशुपतिनाथ जल मंदिर, गुप्तेश्वर, खजूर पानी, नादिया पानी, एवं कोदू पानी स्थित शिव मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। विभिन्न स्थानों पर विशेष पूजन, रुद्राभिषेक, एवं भजन संध्या जैसे धार्मिक आयोजन हुए।

### बाबा का हुआ भव्य श्रृंगार

इस मौके पर मंदिर पुजारियों न भगवान शिव का आकर्षक श्रृंगार कर शिवलिंग का मनोहारी दर्शन कराया गया। साथ ही ग्रामीण अंचलों से आई दर्जनों कांवड़ यात्राओं ने नगर के वातावरण को पूर्णतः धर्ममय बना दिया। पालकी यात्रा का नागरिकों , स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजबंधुओ ने शीतलपेय पिलाकर स्वागत किया।

---

## सुंदरकांड पाठ एवं भव्यता लिए प्रसाद वितरण समारोह



**जीरापुर।** हनुमान मंदिर किशनगढ़ बालाजी दरबार में सावन मास रामायण-पारायण अंतर्गत भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इस भव्य सुंदरकांड पाठ को लेकर मंदिर समिति सदस्यों द्वारा मंदिर सजावट एवं विद्युत डेकोरेशन किया गया।जहां पर किशनगढ़ बालाजी दरबार का विशेष आकर्षित मनोहरी श्रृंगार किया। बालाजी के दर्शन कर श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। पंडित श्यामसुंदर शर्मा के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संचालित समिति के द्वारा नगर व राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मेहंदीपुर बालाजी , सालासर बालाजी सहित शाजापुर इंदौर गुना तथा राजगढ़ में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया है।

---

कीर्तन भजन एवं भोले के गण की वेशभूषा के साथ ऑपरेशन सिंदूर की झांकी

## शिवमय हुआ सारंगपुर शिव भक्तों में आपार उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सावन के आखिरी सोमवार को नगर के कपिलेश्वर महादेव, नीलकंठेश्वर, गुप्तेश्वर, तिल भंडेश्वर, चिंतामणेश्वर, भूतेश्वर सहित नगर के सभी शिवालयों में प्रातः 5 बजे से ही भोले के भक्तों की कतार लगी। भक्तों द्वारा भगवान देवादिदेव महादेव का विशेष आकर्षक श्रृंगार कर महा आरती की गई,बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे मंदिर पहुंचे वहीं दूसरी और प्रतिवर्ष बाबा बटुकेश्वर महादेव की शाही सवारी नगर भ्रमण के लिए महादेव मित्र मंडल की और से निकाली गई,बटुकेश्वर की शाही सवारी के लिए नगर के बटुकेश्वर मंदिर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल,पूर्व विधायक कुंवर कोठार,महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद आदि भक्तों ने भगवान बटुकेश्वर का विशेष पूजन किया एवं महाआरती करते हुए बाबा बटुकेश्वर की पालिक उठाई । पालकी नगर की जीवनदायिनी कालीसिंध नदी मथुरा घाट पर पहुंची वह राज्य मंत्री गौतम टेटवाल नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल आदि ने बाबा का पूजन किया इस दौरान जिला कलेक्टर गिरीश मिश्रा पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में मथुरा घाट पर पुलिस प्रशासन की और से गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गई। पालकी यात्रा आगे बढ़ी जगह जगह विभिन्न संस्थाओं की और से बाबा की पालकी पर पुष्प वर्षा की गई तथा पालकी में चल रहे भक्तों का स्वल्पाहार एवं जल पान कराया,यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तों का हुजूम दिखाई दिया, वही बस स्टेंड पर कलेक्टर गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने बटुकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर स्वागत किया,करीब 10 हजार शिव भक्तों ने बाबा की पालकी के दर्शन किए,





### यह रहा आकर्षक का केंद्र

महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में प्रतिवर्ष श्रावण के आखिरी सोमवार को भूत भावन भगवान भोलेनाथ बटुकेश्वर नगर में प्रजा का हाल जानने एवं दर्शन देने के लिए निकलते हैं,जिसमें शिव भक्त बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं किंतु ,इस बार अलग ही नजारा देखने को मिला नगर में करीब 70 से 80 स्थानों पर स्वागत मंच सजे हुए थे वहीं पुलिस कप्तान अमित तोलानी के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा सहित आसपास के थानों का पुलिस बल पूरी सुरक्षा में तैनात रहा,बाबा की पालिक बटुकेश्वर महादेव से चलकर कालीसिंध तट से नवीन बस स्टेंड,परशुराम चैराहा,रंगेरवाडी, जमा मस्जिद सदर बाजार होते हुए पुनः बटुकेश्वर मंदिर पहुंची जहां महा आरती कर शोभा यात्रा का समापन हुआ।

---

## नगर में नीलकंठेश्वर महादेव की निकली भव्य शाही सवारी

### लव जिहाद व सिंदूर ऑपरेशन की चलित झांकी आकर्षण का केन्द्र बनी



**खुजनेर।** नगर में राजगढ़ बायपास रोड स्थित श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर सावन के चतुर्थ सोमवार को महादेव का आकर्षक श्रृंगार एवं महाआरती का आयोजन हुआ वही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नीलकंठेश्वर महादेव की बजरंग आखाड़ा के द्वारा भव्य शाही सवारी निकाली गई। उज्जैन महाकाल की तर्ज पर नीलकंठेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार ओर शाही सवारी में चलित झाकी में लव जिहाद व सिंदूर आपरेशन पर झाकी आकर्षण का केन्द्र रही एवं पालकी में सवार होकर नीलकंठेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले नगर में नीलकंठेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की गई वही बजरंग आखाडा के कलाकारो ने अखाड़ा का प्रदर्शन किया नगर में शाही सवारी का दिनेश यादव मित्र मंडल व भारती गो रक्षा दल द्वारा फलाहारी वितरण फूल वर्षा की नगर भर में जगह जगह शाही सवारी का स्वागत किया वही महादेव की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में भक्तो का जनसैलाब शाही सवारी में उमड़ा शाही सवारी नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर शिमला बस स्टेंड राजगढ़ चैराहा होते हुऐ शिवाजी बाजार, पुराना थाना, पुराना माजिद चैक चरणदास जी मंदिर पर हरिहर मिलन महा आरती आयोजित की गई शाही सवारी हाट बाजार होते हुऐ निलकंठेश्वर मंदिर पहुंची जहां महादेव की महाआरती महाप्रसादि वितरण कर शाही सांवरी का समापन हुआ जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि बजरंग आखाड़ा के सदस्य सहित समस्त नगरवासी एवं ग्रामीण श्रद्धालु शाही सावरी में शामिल हुए।

---

15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बैजनाथ महादेव के दर्शन

## सावन के अंतिम सोमवार में खोयरी महादेव पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

भक्ति और आस्था के पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार मुख्यालय स्थित प्राचीन शिवालयों में पूरे दिन श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा। नगर के सबसे प्राचीन बैजनाथ खोयरी महादेव के पूजन-दर्शन के लिए सोमवार तड़के से भक्तों के आने का क्रम देर रात्रि तक जारी रहा।

सुबह से शाम तक करीब 15 हजार से अधिक श्रृद्धालुओं ने खोयरी महादेव के दर्शन किए। मंदिर में पूरे दिन अभिषेक, पूजन आदि का दौर चलता रहा। इसके साथ ही मंदिर के ठीक सामने स्थित पार्वती माता मंदिर में भी भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रृद्धालुओं के अचानक उमड़ने से दोपहर में तो खोयरी रोड पर हालात इतने बेकाबू हो गए कि यातायात व्यवस्था को सम्हालने टीआई वीरसिंह ठाकुर को अपनी टीम के साथ मैदान में उतरना पड़ा।

**सवार क्विंटल फूलों से किया महादेव का श्रृंगार:** श्रावण के अंतिम सोमवार मंदिर प्रबंधन द्वारा सवा क्विंटल फूलों से बैजनाथ महादेव का श्रृंगार किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि पूरे सावन मास में लगभग 130 कावड़ यात्राओं के दलों ने उज्जैन की क्षिप्रा मैया, कालीसिंध मैया एवं नेवज मैया के जल से महादेव का अभिषेक पूजन किया। इसके साथ ही 51 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर नगर व क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की गई।




### चार पहिया वाहनों पर प्रतिबंध न होने से बिगड़ी व्यवस्था

खोयरी महादेव मंदिर का पहुंच मार्ग सिंगल रूट है। ऐसे में टैफिक पुलिस को सुबह से ही इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा देना चाहिए था लेकिन नहीं लगाया गया। ऐसे में दोपहर के समय इस मार्ग पर कारों एवं अनगिनत मोटर साइकिलों की आवाजाही के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई एवं काफी समय तक जाम के हालात निर्मित हो गए। श्रृद्धालुओं की अचानक उमड़ी भीड़ के कारण खोयरी रोड के साथ ही नेवज नदी की पुलिया के पहले भी दोपहर में एक घंटे तक जाम लगा रहा। हालांकि, बाद में कोतवाली पुलिस एवं टैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था को काबू में कर लिया।

## खबर संक्षेप

### चल समारोह अध्यक्ष बने बनवारी लाल



**आष्टा।** गोगा वीर समितिहाथी खाना गोगावीर दल क्रमांक 2 डाबरी गोगावीर समिति वाल्मीकि नगर अदालत के पास आष्टा के सभी और डबरी के दोनों दलों की सर्व सहमति से गोगा वीर अखाड़ा डाबरी के समिति अध्यक्ष अनुभवी 16 वर्षों से संचालन, 55 सेवादार और समिति का संचालन कर रहे हैं। जिन्हें सर्व सह समिति से गोगा देव चल समारोह का अध्यक्ष बनवारी लाल पवार को नियुक्त किया गया है। चल समारोह 17 अगस्त को भव्य निशान के साथ विभिन्न मार्ग से मां पार्वती गोगामेड़ी पर समापन होगा।

### युवा संगठन अध्यक्ष का किया स्वागत

**आष्टा।** नव निर्वाचित गेहलोत मेवाड़ा राजपूत समाज युवा संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत मुन्दीखेड़ी का स्वागत पटेल सुनील मेवाड़ा मित्र मंडल ने किया। इस अवसर पर पटेल सुनील मेवाड़ा, जितेंद्र राजपूत, लोरास, कुलदीप लोरास, गोपाल सिंह मेवाड़ा, पप्पू मेवाड़ा सोनी, विजेंद्र मेवाड़ा मुन्दीखेड़ी, नरेश मेवाड़ा टांडा, निर्मल मुन्दीखेड़ी, कृपाल मेवाड़ा भीमपुरा, कुनाल मेवाड़ा, अनिल मेवाड़ा आदि उपस्थित थे।

### फौजी को नम आंखों से अर्पित की श्रद्धांजलि

**जावर।** स्थानीय पेंशनर और वरिष्ठ नागरिक संघ तहसील इकाई जावर द्वारा अपने संगठन की बैठक माह के प्रथम रविवार को आहूत की जाती हैं इसी क्रम में माह अगस्त की बैठक का आयोजन संघ के अध्यक्ष सुधीर सिंह विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें नगर के फैजी पिंटू सिंह ठाकुर की अकास्मिक मृत्यु पर शौक सभा के रूप में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पेंशनर और वरिष्ठ नागरिक संघ के सुधीर सिंह विश्वकर्मा, ठाकुर लाल सोलंकी, अशोक कुमार मालवीय, सुरेश कुमार शर्मा, चंदर सिंह ठाकुर, मांगीलाल मालवीय, कैलाश सिंह सिसोदिया, रंजीत सिंह मालवीय, हुकमचन्द जैन, मेहरबान सिंह ठाकुर, करण सिंह मालवीय, डीसी बहती, अंबाराम मालवीय आदि मौजूद थे।

देवबढला और प्राचीन शंकर मंदिर में दर्शन करने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

# वटकेश्वर के दर्शन करने आता है नाग नागिन का जोड़ा, होते हैं विशेष अनुष्ठान

### पार्वती तट पर स्थित प्राची शंकर मंदिर में अनुष्ठान कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



सावन के महीने के चौथे और अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। पार्वती नदी किनारे स्थित प्राचीन शंकर मंदिर, किले पर स्थित बटकेश्वर मंदिर सहित जावर, मेहतवाड़ा, सिद्धिगंज, खाचरोद, कोठरी आदि क्षेत्रों के शिव मंदिरों में भी दिन भर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना हुई। बता दे की सावन माह का अंतिम सोमवार होने के कारण क्षेत्र के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। आष्टा के पार्वती नदी किनारे स्थित ऐतिहासिक और दुर्लभ शंकर मंदिर में सुबह 6 बजे से भक्त कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे हैं।

यहां पर मंदिर के महंत हेमंत गिरी ने बताया है कि यहां मंदिर अति प्राचीन और दुर्लभ और सिद्ध स्थान है। मंदिर में 5 हजार से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। यहां पर भगवान भोलेनाथ भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। यहां पर अनेक आयोजन किए गए, साथ ही भगवान भोलेनाथ का नरसिंह अवतार भी देखने को मिला।

#### यह स्थान सीहोर जिला ही नहीं अब धीरे धीरे पूरे मध्य प्रदेश में प्रसिद्ध होता जा रहा

आष्टा के किले पर स्थित एक और प्राचीन बटकेश्वर शिव मंदिर भी काफी पुराना और प्राचीन है कहा जाता है कि मंदिर में श्रद्धालुओं के अलावा नवरात्र व सावन के महीने में नाग नागिन का जोड़ा भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने आता है जिन्हें कई बार मंदिर आए श्रद्धालुओं ने देखा है। मंदिर के पुजारी नवीन शर्मा ने बताया कि पूर्व में मंदिर मिट्टी से बनाया गया था लेकिन 60 साल पहले 1965 में चुने आदि से निर्माण कराया गया था। समय के साथ अब धीरे-धीरे मंदिर में निर्माणकार्य जारी है। पिछले वर्ष भी काफी निर्माण कार्य हुआ था और यहां सब जन सहयोग से हो रहा है। मंदिर की एक समिति भी गठित की गई है। शासन प्रशासन से सहयोग मिल जाए तो इस प्राचीन मंदिर को एक नया स्वरूप मिल सकता है। पहाड़ियों के बीच स्थित प्राचीन देवबढला आष्टा ब्लॉक में प्राचीन धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरो की कमी नहीं है। जावर के पास बिलपान में पहाड़ों के बीच दुर्लभ देवबढला स्थान है। यह स्थान सीहोर जिला ही नहीं अब धीरे-धीरे पूरे मध्य प्रदेश में प्रसिद्ध होता जा रहा है। इस कारण यहां पर 12 से अधिक मंदिर पुरातत्व विभाग की खुदाई में अब तक मिले हैं। देवबडला के मंदिर इंचार्ज देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि करीब 4 साल पहले पुरातत्व विभाग ने मंदिरों के पुराने स्वरूप व निर्माण कार्य शुरू किया गया था और अब पिछले वर्ष एक मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरे मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। सभी मंदिर बन जाने के बाद या मंदिर क्षेत्र धार्मिकता के साथ-साथ पर्यटन स्थल भी बनेगा। यहां पर बिलपान से देवबढला तक सड़क भी बन गई है अब भोपाल इंदौर हाईवे से यहां पर पहुंचना भी आसान हो गया है। व्यवस्थाए नहीं होने के कारण श्रद्धालु परेशान होते है।

## संस्था मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुई कई प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

संस्था मॉडर्न पब्लिक हा.से. स्कूल में मास्क मेकिंग, हेंड एण्ड फीट, कर्सीव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें कक्षा-पहली से लेकर पांचवी तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी कक्षाओ से प्रथम, द्वितीय व तृतिय आने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिनमें मास्क मेकिंग प्रतियोगिता में कक्षा-तीसरी कि कनक वर्मा प्रथम, प्रीत कुशवाहा द्वितीय, द्रिष्टी चौहान तृतीय रहे। कक्षा-चौथी कि कुमकुम बैरागी प्रथम, रोनक मेवाड़ा द्वितीय, विजय कुमार सिंह तृतीय, रहे। कक्षा-पांचवी कि वैदिका अजनोदिया प्रथम, योगिता द्वितीय, रूही श्रीवास्तव तृतीय रहे। हेंड एण्ड फीट प्रतियोगिता मे कक्षा-पहली इषिका वर्मा प्रथम, हिमांषु द्वितीय, दिक्षा तृतीय रहे। कर्सीव राइटिंग प्रतियोगिता में कक्षा-पहली षिवांष वर्मा प्रथम, तनुष उपलावदिया द्वितीय, परिधि वर्मा तृतीय रहे। कक्षा- दुसरी कनिष्क वर्मा प्रथम, आरव सिलोरिया द्वितीय, हर्षिता नागलिया तृतीय रहे। कक्षा- तीसरी कनक वर्मा प्रथम, द्रिष्टी चौहान द्वितीय, रिया मालवीय तृतीय रहे। कक्षा-चौथी राधिका नागदा प्रथम, अनिषा कुषवाहा द्वितीय, सादाब खान तृतीय रहे। कक्षा- पांचवी मनस्वी कुषवाहा प्रथम, वैदिका अजनोदिया द्वितीय, भूमिका सेन तृतीय रहे। विजेता प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को बधाई देने वालो में संस्था के मार्गदर्शक शंकर लाल परमार, कुंवर लाल परमार, भीम सिंह ठाकुर, समिति अध्यक्ष अभिषेक परमार, प्राचार्य शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, उपप्राचार्य विकास चौरसिया, बीएल मालवीय, रवि पाठक, राजेश बड़ोदिया, रजत धारवा, संदीप ठाकुर, अनीता परमार, निर्मला, करिश्मा, अंजली , अंजु नावड़े, नीता सक्सेना, ईशा जैन, पायल ठाकुर, पूजा ठाकुर सना अली, अपेक्षा पेरवाल, तेजू मेवाड़ा, विधि चौहान, आयुषी जैन, लक्ष्मी चौरसिया, ज्योति राजपूत आदि ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी।


### विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**जावर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रांत बैठक में नए जिला अध्यक्ष बने रेवा शंकर जाट का जावर प्रखंड में स्वागत हुआ। 3 अगस्त को प्रांत बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री, जिला संयोजक का परिवर्तन कर नवीन नियुक्ति की गई। जिला अध्यक्ष रेवा शंकर जाट, जिला संयोजक प्रभात मेवाड़ा, जिला मंत्री राजेश गुप्ता को नियुक्त किये गये। जावर प्रखंड में नए पदाधिकारी का साफा बांधकर व भगवा दुपट्टे से स्वागत किया। प्रांत में नवीन दायित्व पर राजेंद्र सिंह टांक प्रांत समरसता प्रमुख का भी स्वागत किया। देव लाखन धाम पडियार का भी स्वागत प्रांत समरसता प्रमुख राजेंद्र सिंह टॉक द्वारा किया। कार्यक्रम में प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर, खाचरोद प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह जाट, राजेश जाट, गणेश जाट, प्रखंड जावर से प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह ठाकुर ,अर्जुन सिंह, मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, संयोजक अंकुर बिल्लौरे ,खजुरिया खंड संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर, कजलास खंड सहसंयोजक राजपाल ठाकुर, जावर नगर संयोजक शिव प्रजापति, अर्जुन सिंह राणा, देवेंद्र भोले, राजेंद्र सिंह, बंटी सोलंकी, धर्मेंद्र उपस्थित थे।

## ट्रेनिंग से लौटे परमार का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में 7 माह की ट्रेनिंग पूर्ण कर घर वापस आने पर संदीप परमार का भाजपा नगर उपाध्यक्ष सुरेश परमार के नेतृत्व में स्वागत एवं सम्मान किया गया।साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनके परिवार और मित्रों ने उन्हें देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।स्वागत समारोह में सुरेश परमार, हरदेव मेवाड़ा, मनोहर बैरागी, देवेंद्र परमार, रजनीश परमार और निखिल परमार ने संदीप परमार का स्वागत किया और उन्हें देश सेवा के लिए समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।संदीप परमार ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में 7 महा की ट्रेनिंग पूर्ण की है और अब वह देश सेवा के लिए तैयार हैं। उनके परिवार और मित्रों ने उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। संदीप परमार को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह देश सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### गांव की मुख्य सड़क हो रही जर्जर, पंचायत के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



**सिद्धिगंज।** क्षेत्र के नजदीक ग्राम बापचा बरामद मैं मंशापूर्ण देवता मंदिर से लेकर दाना बाबा रोड पर इतना अधिक कीचड़ हो गया है जिसके कारण निकलना मुश्किल हो गया है। शासकीय मिडिल स्कूल साइड वाले रोड में कीचड़ ही कीचड़ और गंदा पानी भरा हुआ है, जिसमें मच्छर पैदा होते हैं। मच्छछरों के कारण डेंगू जैसी बीमारी हो जाती है। वही आंगनबाड़ी केंद्र और आरोग्य केंद्र है। छोटे-छोटे बच्चे रोज सुबह आंगनवाड़ी में इसी कीचड़ से निकाल कर जाते हैं। ग्राम के लोगों ने बताया कि कई बार ग्राम पंचायत में सूचना दी गई इसके बाद भी पंचायत द्वारा रोड की मरम्मत के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित हुए स्वास्थ्य जांच शिविर में जांची विद्यार्थियों की सेहत, दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एक विस्तृत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल रही, जिसमें अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने छात्रों की आँखों, दांतों, रक्त जाँच सहित सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए।

स्कूल में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के अवसर पर डॉ. राहत अली, डॉ. अतुल उपाध्याय, डॉ. अंकित सुराना, डॉ. आयुषी सुराना सहित अनेक चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की और बच्चों को नेत्र सुरक्षा, डिजिटल स्क्रीन से बचाव तथा मौखिक स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल भाषा में ज्ञानवर्धक जानकारी दी। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण एवं स्क्रीन टाइम पर जागरूकता, मौखिक एवं दंत जांच आवश्यक रक्त परीक्षण, उपयोगी स्वास्थ्य संबंधी सुझाव व परामर्श दिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा उनके अंदर सही दिनचर्या, स्वच्छता एवं संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संकल्प लिया। विद्यालय में आयोजित इस शिविर ने यह सिद्ध किया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, और देहली वर्ल्ड पब्लिक आष्टा अपने विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य को लेकर भी पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर विद्यालय के निदेशकगण ध्रुव कुमार तिवारी, बहादुर सिंह सेंधव, ज्ञान सिंह ठाकुर, पायल अली, सैयद आदिल अली, तथा प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने एक सकारात्मक कदम बताया और सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों के स्वस्थ, समृद्ध एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

## प्रधानाध्यापक सुखदेव गौड का सेवानिवृत्त होने पर हुआ कार्यक्रम, ग्रामीणों ने सम्मान कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



तहसील की ग्राम पंचायत चांचरसी के ग्राम मालीपुरा में माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ सुखदेव गौड़ के सेवानिवृत्त होने पर गत दिवस नगर के निकट ग्राम मालीपुरा के समस्त ग्रामीण जन ने हर्षोल्लास के साथ सेवानिवृत्त शिक्षक गौड का ग्रामीण क्षेत्र में जुलूस निकाल कर भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। वही संकुल कैंद्र के समस्त कर्मचारीयों द्वारा गौड़ का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन पंडित आदित्य जोशी के द्वारा किया गया। स्वागत समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक गौड़ ने अपने उद्बोदन में कहा कि मेरे इन 34 वर्षों के कार्यकाल में ग्रामवासियो सहित मैरे सहकर्मियों का अद्भुत स्नेह प्यार और पारिवारिक अपनापन मिला। आज मैं अपने आपको गौरान्वित महसूस करता हूं की मेरा जीवन एक शिक्षक के रूप में रहा जिससे कि मेरा जीवन दूसरों को शिक्षित करने में लगा रहा, मेरा यह जन्म सार्थक हुआ,ऐसा मै मानता हूं। कार्यक्रम के अवसर पर संकुल कैंद्र की शिक्षिका सरिता चौधरी, विद्या श्रीवास्तव आंगनवाड़ी, कार्यकर्ता रीना मालवीय, आशा कार्यकर्ता कीर्ति मेवाड़ा उपस्थिति रही। वहीं गेंदालाल मेवाड़ा को भाग सिंह मेवाडा, विनोद सिंह मेवाडा, जितेंद्र मेवाड़ा, राधेश्याम मेवाडा, सतीश मेवाड़ा, लोकेंद्र मेवाडा, कृपाल मेवाडा, देवजी पटेल सहित समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहै । आगंतुक ग्रामीण वासियों व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार प्रकाश नायक द्वारा ज्ञापित किया गया।

टैलेंट के विद्यार्थियों ने देखा पौराणिक फिल्म महावतार नरसिम्हा विशेष शो

# भगवान नरसिंह और भक्त प्रहलाद के जयकारों से गूंजा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




भारतीय सनातन धार्मिक सभ्यता व संस्कृति पुरातन व सदैव सर्वाच्च रही है। यह अनेक पौराणिक व आध्यात्मिक महावतारों व सदचरित्रों से परिपूर्ण रह कर विश्वव्यापी एवं सर्वमान्य है। भगवान विष्णु व उनके सबसे बड़े भक्त प्रहलाद की अद्भुत कहानी की जबरदस्त फिल्म महावतार नरसिम्हा के विशेष शो का आयोजन टैलेण्ट इनोवेटिव स्कूल के विद्यार्थियों के लिये स्थानीय अंशय चित्रालय में गत दिवस आयोजित किया गया। इस हेतु समाज सेवी रांझा राय, ने सिनेमा में विद्यार्थियों के लिये विशेष सुविधाए उपलब्ध कराई एवं मैनेजर दशरथसिंह, छगन भाई व साथियों ने सभी विद्यार्थियों को व्यवस्थित किया। प्रदर्शन के दौरान भक्तिभाव , प्रेरक एवं बलिदान के दृश्यों पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों द्वारा रोमांचित व अभिभूत होकर अनेक बार भगवान नरसिम्हा व भक्त प्रहलाद के जयकारों से सम्पूर्ण सिनेमा हाल गूंज गया। संस्था के प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने इस अवसर पर बताया कि आज के सोशल मीडिया के इस नकारात्मक व संक्रमित माहौल में इस तरह की सकारात्मक व प्रेरक सिनेमा का चित्रण बुराईयों पर अच्छाई एवं अधर्म पर धर्म की विजय का विद्यार्थियों व समाज में सार्थक संदेश देती है। साथ ही नगर में अंशय चित्रालय की सुविधाओं व सहयोग की भी प्रशंसा की एवं फिल्म के निर्माता निर्देशक को इस अद्भुत फिल्म के निर्माण के लिए आत्मीय बधाई व शुभकामनाएं दी। वितरक पवन अग्रवाल ने भी इस हेतु प्रसन्नता व्यक्त की। फिल्म शो में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक, शिक्षिकायें व सहयोगी स्टॉफगण भी उपस्थित रहे एवं अंत में सभी ने सम्मान पूर्वक राष्ट्रगान भी किया।

## श्री रिद्धि-सिद्धि गजानंद मंडल के रमेश प्रजापति बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

श्री रिद्धि सिद्धि गजानंद मंडल बायपास चौपाटी पर विगत 10 वर्षों से गणेशोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया जाता हे। इस वर्ष गणेशोत्व मनाने के लिए मंडल के सभी सदस्यों की बैठक मंडल के संरक्षक किरण कुमार शर्मा की अध्यक्षा में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से रमेश प्रजापति को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस अवसर पर रमेश प्रजापति का साफा बांध कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में किरण कुमार शर्मा, ओमप्रकाश प्रजापति, कमल सिंह मालवीय, राकेश प्रजापति, राहुल परमाल, अर्जुन प्रजापति, महेश मेवाड़ा, राजेश सरपंच आदि ने किया। बैठक का सफल संचालन राहुल परमाल ने किया। अंत में आभार ओमप्रकाश प्रजापति ने माना।